## गुड मॉर्निंग



### किरण सिन्हा

शिक्षिका, राजेन्द्र विद्यालय ।

हमें सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना चाहिए। युवाओं को हमेशा सकारात्मक बातों को सोचना चाहिए और उस पर अमल करना चाहिए। मेहनत से कभी न कतराएं। शरीर को स्वस्थ रखने के तरीकों पर अमल करें। निरोग रहने के लिए व्यायाम करना चाहिए।

दैनिक जागरण

जमशेदपुर, 6 दिसंबर 2016

# आरवी : काव्या नील वत्स को मिला स्कॉलरशिप

**जमशेदपुर.** राजेंद्र विद्यालय के दसवीं के छात्र काव्या नील वत्स को स्कॉलरशिप के रूप में 25,000 रुपये का अवार्ड दिया गया है. उसे एक शैक्षणिक संस्थान द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च टेस्ट के दौरान 27वां स्थान मिला था. अक्तूबर में संत मेरीज इंगलिश स्कूल में आयोजित परीक्षा में शहर के हजारों बच्चे शामिल हुए थे. यह जानकारी स्कूल प्रबंधन ने दी गयी है.

प्रभात खबर 04.11.2016

# टैलेंट हंट में आरवी के छात्र का चयन



काव्य नील वत्स।

**जमशेदपुर :** मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली देश की प्रसिद्ध संस्था की ओर से अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित टैलेंट हंट परीक्षा में राजेंद्र विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र काव्य नील वत्स का चयन हुआ है। उसे अखिल भारतीय स्तर पर 27वां रैंक प्राप्त हुआ है। संस्था की ओर से उसे 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह परीक्षा सेंट मेरीज इंग्लिश स्कूल में आयोजित हुई थी।

DAINIK JAGRAN
DATE - 4-11-16

# राजेंद्र विद्यालय ने जीता न्यूज विज क्विज

**संवाददाता ▶ जमशेदपुर**

कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर इंडिया टुडे न्यूज टीवी चैनल की ओर से शुरू किये गये न्यूज विज क्विज़ में राजेंद्र विद्यालय को विजेता घोषित किया गया. जबकि हैदराबाद की हैदराबाद पब्लिक स्कूल की टीम को उप विजेता चुना गया. मुंबई के आरएन पोद्दार स्कूल को तीसरा स्थान हासिल हुआ. राजेंद्र विद्यालय के साथ ही जमशेदपुर का प्रतिनिधित्व विकास और के. उत्तुक कर रहे थे. उक्त क्विज का प्रसारण रविवार (11 सितंबर) की



सुबह 11 बजे किया गया. इसका रिपीट टेलीकास्ट सोमवार की शाम 4 बजे भी होगा. इस क्विज में अपनी हालिया रिलीज फिल्म बार-बार देखो का प्रमोशन करने के लिए पहुंची कैटरीना कैफ और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी ने भी राजेंद्र विद्यालय के बच्चों की आइक्यू लेवल के साथ ही जमशेदपुर की स्कूलिंग की सराहना की. इस दौरान क्विज मास्टर की भूमिका में प्रसिद्ध टीवी जर्नलिस्ट राजदीप सरदेसाई थे. यह न्यूज विज क्विज का 8 वां एपिसोड है.

**अंतिम राउंड में लगायी छलांग :** पहला राउंड वार्म अप ग्राउंड था. इस राउंड में हैदराबाद पब्लिक स्कूल और मुंबई के आरएन पोद्दार स्कूल की टीम ने सभी सवालों का सही जवाब देकर 400-400 अंक हासिल किये जबकि राजेंद्र विद्यालय की टीम को सिर्फ 200 अंक मिले. दूसरे राउंड में हैदराबाद पब्लिक स्कूल की टीम को 600 अंक, आरएन पोद्दार स्कूल की टीम को 500 जबकि राजेंद्र विद्यालय की टीम को 400 अंक थे, लेकिन अंतिम राउंड में राजेंद्र विद्यालय ने बड़ी छलांग लगायी और सभी को चित्त कर दिया. राजेंद्र विद्यालय की टीम को अंतिम रूप से 750 अंक, हैदराबाद पब्लिक स्कूल की टीम को 700 अंक जबकि आरएन पोद्दार स्कूल की टीम को 650 अंक मिले.

प्रभात खबर 12.09.2016

# राजेंद्र विद्यालय ने जीता न्यूज विज क्विज

संवाददाता ▸ जमशेदपुर

कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर इंडिया टुडे न्यूज टीवी चैनल की ओर से शुरू किये गये न्यूज विज क्विज में राजेंद्र विद्यालय को विजेता घोषित किया गया. जबकि हैदराबाद की हैदराबाद पब्लिक स्कूल की टीम को उप विजेता चुना गया. मुंबई के आरएन पोद्दार स्कूल को तीसरा स्थान हासिल हुआ. राजेंद्र विद्यालय के साथ ही जमशेदपुर का प्रतिनिधित्व विकास और के. उत्तुक कर रहे थे. उक्त क्विज का प्रसारण रविवार (11 सितंबर) की



सुबह 11 बजे किया गया. इसका रिपीट टेलीकास्ट सोमवार की शाम 4 बजे भी होगा. इस क्विज में अपनी हालिया रिलीज फिल्म बार-बार देखो का प्रमोशन करने के लिए पहुंची कैटरीना कैफ और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी ने भी राजेंद्र विद्यालय के बच्चों की आइक्यू लेवल के साथ ही जमशेदपुर की स्कूलिंग की सराहना की. इस दौरान क्विज मास्टर की भूमिका में प्रसिद्ध टीवी जर्नलिस्ट राजदीप सरदेसाई थे. यह न्यूज विज क्विज का 8 वां एपिसोड है.

**अंतिम राउंड में लगायी छलांग :** पहला राउंड वार्म अप राउंड था. इस राउंड में हैदराबाद पब्लिक स्कूल और मुंबई के आरएन पोद्दार स्कूल की टीम ने सभी सवालों का सही जवाब देकर 400-400 अंक हासिल किये जबकि राजेंद्र विद्यालय की टीम को सिर्फ 200 अंक मिले. दूसरे राउंड में हैदराबाद पब्लिक स्कूल की टीम को 600 अंक, आरएन पोद्दार स्कूल की टीम को 500 जबकि राजेंद्र विद्यालय की टीम को 400 अंक थे, लेकिन अंतिम राउंड में राजेंद्र विद्यालय ने बड़ी छलांग लगायी और सभी को चित्त कर दिया. राजेंद्र विद्यालय की टीम को अंतिम रूप से 750 अंक, हैदराबाद पब्लिक स्कूल की टीम को 700 अंक जबकि आरएन पोद्दार स्कूल की टीम को 650 अंक मिले.

प्रभात खबर 12.09.2016



अश्मिता पांडा

**मार्क्स : 97.20% रैंक : स्कूल टॉपर स्कूल : राजेंद्र विद्यालय बोर्ड : आइसीएसइ (10वीं) माता : पी पांडा पिता : एनके पांडा**

मैं राजेंद्र विद्यालय में ही ग्यारहवीं क्लास में हूं. मैंने मैथ्स और बायोलॉजी दोनों रखा है. मैं इंजीनियरिंग या मेडिकल की तैयारी नहीं कर रही हूं. मैं फिजिक्स में हायर स्टडी करना चाहती हूं. मेरी इस विषय में रिसर्च करने की इच्छा है. इस समय मैं बारहवीं बोर्ड पर ध्यान दे रही हूं. ताकि बोर्ड परीक्षा में बढ़िया रिजल्ट लाकर अच्छे कॉलेज में दाखिला ले सकूं.

# प्रिस्क्राइब्ड बुक पर फोकस करें

Topper Tips

### जरूरी होता है क्वेश्चन बैंक

मैंने प्री बोर्ड तक सिलेबस पूरा कर लिया था. इसके बाद रिवीजन शुरू कर दी थी. मैंने टेन इयर्स क्वेश्चन बैंक से तैयारी करती थी. इससे मुझे क्वेश्चन के पैटर्न और टाइप की समझ हो गयी. हर साल एक-दो क्वेश्चन रिपीट होता है. क्वेश्चन बैंक देखने से इसका आइडिया लग गया था. टेन इयर्स में आंसर भी दिये रहते हैं. लेकिन मेरे ख्याल से स्टूडेंट्स को इसके बदले बुक को थॉरोली पढ़ना चाहिए. मैंने ऐसा ही किया था.

**प्रिस्क्राइब्ड बुक से की तैयारी :** मैंने बोर्ड परीक्षा की तैयारी के दौरान प्रिस्क्राइब्ड बुक पर फोकस किया. हर सब्जेक्ट की बुक थॉरोली पढ़ गयी थी. हर टर्मिनल एग्जाम को गंभीरता से लिया. स्कूल की पढ़ायी के बाद हर टॉपिक को घर पर दोहराती थी. शुरू से डाउट्स क्लियर करती रही.

**बुक को थॉरोली पढ़ा :** मैंने क्वेश्चन बैंक के अलावा अन्य चीजों से तैयारी नहीं की थी. इंगलिश में वर्कबुक जरूर देखा था. मैंने हमेशा प्रिस्क्राइब्ड बुक पर खुद को फोकस किया. मैं बुक में ही इम्पोर्टेंट लाइन को मार्क कर दिया करती थी, ताकि रिवीजन के समय मुख्य बिंदुओं पर सबसे पहले नजर पड़े. साइंस में जनरली क्वेश्चन रिपीट नहीं होते हैं. ऐसे में आपके पास बुक पढ़ने के सिवाय दूसरा रास्ता नहीं बचता. मैं साइंस बुक की एक-एक लाइन पढ़ गयी थी.

**वर्क बुक से की थी प्रैक्टिस :** मैंने इंगलिश की तैयारी वर्क बुक से की थी. बार-बार अभ्यास करने से मुझे आंसर किस तरह लिखना है यह आ गया था. वर्क बुक में क्वेश्चन रहते हैं. इंगलिश में इससे अच्छी तैयारी हो जाती है. इसमें बोर्ड पैटर्न पर क्वेश्चन पूछे जाते हैं. जब आप टफ क्वेश्चन की तैयारी कर लेते हैं तो आगे चीजें आसान हो जाती हैं.

**हिस्ट्री को बार-बार लिखा :** मुझे हिस्ट्री में प्रॉब्लम होती थी. मेरे लिए डेट्स और इवेंट्स याद रखना मुश्किल था. चैप्टर भी लंबे-लंबे थे. इसकी तैयारी भी मैंने प्रिस्क्राइब्ड बुक से ही की. डेट्स और इवेंट्स की बार-बार लिखकर प्रैक्टिस की. याद करने के बाद जब आप उसे एक-दो बार लिख लेते हैं तो बातें जल्दी भूलती नहीं.

प्रभात खबर शनिवार, 27.08.2016

दिनकर परिषद, बिहार एसो. ने मनायी तुलसी जयंती

# तुलसी की रचना में समाज के प्रति विद्रोह नहीं : प्रो तीर्थेश्वर



**लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर**

तुलसी अंतर्विरोध में जन्म लेता है लेकिन उनकी रचना में समाज के प्रति कहीं विद्रोह नहीं है. यह बहुत बड़ी बात है. यह बातें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के प्राध्यापक प्रो तीर्थेश्वर सिंह ने कहीं. वह शनिवार को दिनकर परिषद, बिहार एसोसिएशन की ओर से आयोजित तुलसी जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि उस दौर में जब शैव और वैष्णव का झगड़ा चल रहा था, तुलसी ने इसके बीच समन्वय स्थापित करने की कोशिश की.

**जनभाषा में लिख लोकप्रिय हुए तुलसी** : मुख्य अतिथि ने कहा कि तुलसी को पत्नी की फटकार के कारण राम से प्रेम हुआ. अस्थि चर्ममय देह मम, तामे ऐसी प्रीति/ तैसी जो श्रीराम में, छेती न तो भव भीती. जनभाषा में लिखने के कारण तुलसी लोकप्रिय हुए. उन्होंने कहा कि कबीर कहते हैं कि जो घर जाड़े आपने चले हमारे साथ. यहां कठोरता दिखायी देता है. इसी बात को तुलसी सरल ढंग से कहते हैं कि जो राम को प्रिय नहीं है उसे छोड़ दें.

**मंगलाचरण से हुई शुरुआत** : इससे पहले मुख्य अतिथि और सभा के अध्यक्ष ब्रजनंदन चौधरी ने तुलसी दास की तसवीर का अनावरण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. ब्रजनंदन सिंह ने कहा कि तुलसी की कविता हर स्तर के व्यक्ति के लिए है. शुरुआत में रूपा सिंह ने मंगलाचरण किया. राजेंद्र विद्यालय और बारीडीह हाइस्कूल के छात्रों ने चौपाई पाठ किया. राजेंद्र विद्यालय और केरला पब्लिक स्कूल, कदमा की छात्राओं ने समवेतगान पेश किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ अविनाश कुमार सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन दुर्योधन सिंह ने किया. मौके पर तुलसी जयंती प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया.

प्रभात खबर रविवार ● 14.08.2016

Topper Tips



रितम उपाध्याय

मार्क्स: 97.20% रैंक : स्कूल टॉपर स्कूल : राजेंद्र विद्यालय

बोर्ड : आइसीएसइ (10वीं) माता : रूबी उपाध्याय पिता : डी उपाध्याय

"मैंने प्री बोर्ड से पहले सिलेबस पूरा कर लिया था. इसके लिए शुरू से रूटीन बनाकर तैयारी की. शुरू से हर डाउट को क्लीयर करता रहा. परीक्षा के एक दिन पहले मुझे चिकेन पॉक्स हो गया था. समय पर सिलेबस पूरा हो जाने के कारण मुझे दिक्कत नहीं हुई. माता-पिता व टीचर के सपोर्ट से बीमारी रहते हुए भी मैंने परीक्षा दी और अच्छा रिजल्ट किया."

# स्कूल में पढ़ाये गये पाठों का घर पर रीविजन करें

10वीं और 12वीं के विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं के लिए यह जानना महत्वपूर्ण होगा कि 2016 के टॉपर्स ने आखिर किस तरह पढ़ाई करके यह मुकाम हासिल किया.

### छुट्टियों में ज्यादा की पढ़ायी

मैंने किताबों पर अधिक ध्यान दिया. किताब की लाइन-बाय-लाइन पढ़ायी की. नोट्स बहुत कम बनाये. स्कूल में पढ़ाये गये पाठों का हर दिन घर पर रीविजन नहीं हो पाता था. इसकी भरपाई मैं छुट्टियों में करता था. शनिवार और रविवार को स्कूल में सप्ताह भर हुई पढ़ायी को दोहराता था. डाउट्स को नोट कर उसे अगले दिन टीचर से पूछता था. कई डाउट्स तो पढ़ायी के दौरान ही क्लियर हो जाते थे. दोस्तों से डिस्कशन करता था.

### सॉल्व किया टेस्ट पेपर

शुरुआत में हर चैप्टर और टॉपिक को डिटेल में पढ़ता था. क्योंकि पर्याप्त समय था. प्री बोर्ड के बाद तैयारी के प्रति गंभीर हो गया. मैं बताना चाहता हूं कि इस समय का एक घंटा प्री बोर्ड के पहले के चार-पांच घंटे के बराबर होता है. इस समय सब कुछ जल्दी करना था और जल्दी हो भी रहा था. परीक्षा से एक महीने पहले घर पर खूब रीविजन किया. टेस्ट पेपर बनाया. क्वेश्चन बैंक से प्रैक्टिस की. इस तरह मेरी अच्छी तैयारी हो गयी थी. मैं दिन में ही पढ़ायी करता था. सुबह जल्दी उठकर पढ़ता था.

**बंद कर दिया था ह्वाट्सएप्प अकाउंट** : ह्वाट्सएप पर बहुत समय चला जाता था. डिस्टर्वेंस से बचने के लिए मैंने दिसंबर में अपना ह्वाट्सएप अकाउंट बंद कर दिया. फेसबुक पर मैं नहीं था. इसके बाद सारा ध्यान पढ़ायी पर लगाया. रिलेक्स होने के लिए टीवी पर धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा देख लेता था. प्री बोर्ड से पहले मैं घर पर रोज पांच घंटे पढ़ता था. प्री बोर्ड के बाद स्कूल जाना नहीं था. इसलिए घर पर अधिक देर तक पढ़ता था.

**इंजीनियरिंग फील्ड में बनाना है कैरियर** : वर्तमान में मैं डीएवी बिष्टुपुर में ग्यारहवीं क्लास में हूं. प्रतियोगिता परीक्षा को ध्यान में रखकर मैं आइसीएसइ से सीबीएसइ बोर्ड स्कूल में आया. हालांकि अब आइसीएसइ बोर्ड में भी एनसीइआरटी बुक्स आ गयी हैं. मैं बारहवीं बोर्ड के साथ-साथ इंजीनियरिंग की तैयारी भी कर रहा हूं. इंजीनियरिंग फील्ड में कैरियर बनाना चाहता हूं. मैं बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्रों से कहना चाहता हूं कि वह हर टॉपिक के कॉन्सेप्ट पर ध्यान दे.

### Success Tips

1. खुद हो संभालना सीखें, निराश नहीं हों, कोशिश हमेशा करते रहें
2. क्लास में रेगुलर रहें, क्लास में हुए पढ़ाई को घर पर रिविजन करें
3. कॉन्सेप्ट क्लियर करने पर ध्यान दें.

**सपोर्ट करते हैं टर्म्स** : मुख्य परीक्षा की तैयारी में टर्म्स का काफी सहायक होते हैं. इससे आपको बोर्ड के पैटर्न का पता चल जाता है. बार-बार परीक्षा देने से आपकी तैयारी किस स्तर की है इसका पता चल जाता है. परीक्षा का डर भी खत्म होता है.

प्रभात खबर 11.08.2016

# जेआरडी टाटा इंटर स्कूल क्विज : आरवी बना विजेता

**लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर**

टाटा स्टील की ओर से आयोजित इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का खिताब इस बार राजेंद्र विद्यालय के नाम रहा. राजेंद्र विद्यालय की टीम ने अंतिम राउंड में जबरदस्त प्रदर्शन कर खिताब को अपने नाम किया. हालांकि उपविजेता का खिताब एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस की टीम को दिया गया. प्रतियोगिता में इस बार शहर के अलग-अलग कुल 35 स्कूलों की करीब 130 टीमों ने हिस्सा लिया. लेकिन स्टेज राउंड में सिर्फ 6 टीमें ही पहुंच सकी थी. क्विज के दौरान दर्शकों की ओर से भी कई सवालों के सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को गिफ्ट हैंपर दिया गया. विजेता राजेंद्र विद्यालय की टीम को सर्टिफिकेट के साथ ही नकद 10000 रुपये, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली एसडीएसएम स्कूल की टीम को नकद 8000 रुपये जबकि एलएफएस की टीम को 6,000 रुपये दिये गये.



## जेआरडी टाटा एजुकेशन, रिसर्च और आइटी में इन्वेस्टमेंट चाहते थे : सिंघल

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मीता सिंघल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जेआरडी टाटा एथिक्स और वैल्यू को सबसे ज्यादा तरजीह देते थे. यही वह मूल मंत्र भी है जिसे ना सिर्फ टाटा ने बल्कि हर इनसान को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए. उन्होंने कहा कि जेआरडी टाटा एजुकेशन, रिसर्च और आइटी के क्षेत्र में बढ़ावा चाहते थे, ताकि लोगों की जीवनशैली में बढ़ोतरी हो सके. उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कभी भी किसी भी परिस्थिति में अपने वैल्यू के साथ कभी कोई समझौता नहीं करना चाहिए.



## शहर के विद्यार्थियों के आइक्यू का लिटमस टेस्ट

क्विज के दौरान क्विज मास्टर की भूमिका में बेंगलुरु के ग्रे कैप्स इंडिया लिमिटेड के प्रसिद्ध क्विज मास्टर लॉयड सल्दाना पहुंचे थे. उन्होंने अपने रोचक अंदाज में विद्यार्थियों से कई सवाल किये. इस बीच उन्होंने विद्यार्थियों की विषय पर पकड़ होने के साथ ही उनकी आइक्यू और रिस्क लेने की क्षमता मुख्य रूप से जांचा. इस दौरान उन्होंने पाया कि शहर के विद्यार्थियों की विषयों पर पकड़ अच्छी होने के साथ ही उनकी आइक्यू लेवल भी बेहतर है.

**रिजल्ट :** **विजेता**- कौस्तुक राज व सलमान- राजेंद्र विद्यालय, **उप विजेता**- आर्यन कुमार व असित कुमार- एसडीएसएम स्कूल, **तीसरा स्थान**- अनीश रॉय व जी. विष्णु- एलएफएस **सांत्वना** - नफीश व ज्योतिरादित्य ( डीएवी बिष्टुपुर ), ऋषभ मिश्रा व डी. शशांक ( डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल ), पीयूष जैना व मयंक अग्रवाल ( केएसएमएस )

# तुलसी जयंती प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित

**जमशेदपुर.** बिहार एसोसिएशन के साहित्यिक-सांस्कृतिक संगठन दिनकर परिषद् के तत्वावधान में तुलसी जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर दिये गये हैं. इसके तहत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में निखिल निवेदन वत्स प्रथम, प्रभजोत साइनी, आदित्य पाठक द्वितीय व आर्ची कुमारी तथा आयुष कुमार तृतीय आये हैं.

अर्थ लेखन में मीनाक्षी श्री प्रथम, दिव्या कुमारी द्वितीय तथा शाजिया अली तृतीय आये. स्लोगन में मनीषा कुमारी दास प्रथम, निधि कुमारी द्वितीय तथा नैंसी सोनी व शिफा सरफराज तृतीय रहे. चित्रांकन प्रतियोगिता के कक्षा 1 से 6 तक के वर्ग में शुभम महतो (डीएवी एनआइटी) प्रथम, अमन कुमार (एआइडब्ल्यूसी) द्वितीय तथा शुभम कुमार राय तृतीय आये. कक्षा 7 से 10 तक के वर्ग में अभिनव कर (डीपीएस) को प्रथम, कोमल कुमारी (एआइडब्ल्यूसी) को द्वितीय तथा शिल्पा महतो को तृतीय पुरस्कार मिला. चौपाई पाठ में जीनिया कर्मकार (आरवी) प्रथम, शशांक दुबे (केपीएस कदमा) द्वितीय व सुजल पाल (बारीडीह हाइस्कूल) को तृतीय पुरस्कार मिला. चार वर्गों में विभाजित समवेत गान प्रतियोगिता के कक्षा 8 से 10 तक के छात्र वर्ग में डीपीएस के शशांक मिश्रा, अंकित मिश्रा व चिन्मय शालीन का दल प्रथम, केएसएमएस के हर्ष वर्मा, सदाशिवम एवं अराफ खान का दल द्वितीय और आरवी के अनुराग कुमार, श्रोतम भट्टाचार्य व अभिक सेन का दल तृतीय घोषित हुआ. इसी के छात्रा वर्ग में बारीडीह हाइस्कूल की श्रुति, कोमल व सुनयना का दल प्रथम, केएसएमएस की उत्कर्षा सिन्हा, अरीना खान, सायंतिका चटर्जी का दल द्वितीय तथा केपीएस कदमा की रिया कुमारी शर्मा, नियति कुमारी व योग्शा सरकार का दल तृतीय रहा. कक्षा 11 से स्नातकोत्तर तक के छात्रों के वर्ग में केएसएमएस के सिमरदीप सिंह, रजत चौधरी व दिव्येंदु घोष का दल प्रथम घोषित हुआ, तो इसी के छात्रा वर्ग में आरवी की श्रेया, पूजा शर्मा व अश्विनी सिंह का दल प्रथम एवं केएसएमएस प्रभजोत कौर, निशु अग्रवाल व शालिनी का दल तृतीय घोषित किया गया है.

प्रभात खबर 27.07.2016

# आरवी के 153 मेधावी विद्यार्थी सम्मानित हुए




जमशेदपुर : बिहार एसोसिएशन द्वारा संचालित राजेन्द्र विद्यालय का वार्षिक समारोह शनिवार को संपन्न हो गया. इसका उद्घाटन दीप जलाकर प्रिंसिपल पीबी सहाय, वाइस प्रिंसिपल बीके पांडेय, जुनियर सेक्शन की को-ऑर्डिनेटर रेणुका सिंह, कोऑर्डिनेटर जयंती सिंह ने संयुक्त रूप से किया.

एलकेजी से लेकर 11 वीं परीक्षा में कक्षावार पहले तीन स्थान पर रहनेवाले 153 विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक सफलता के लिए पुरस्कृत किया गया. इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी हुई. शास्त्रीय नृत्य के फ्युजन की तारीफ मुक्त कंठ से दर्शकों ने की. इसका संचालन ईशानी व अभिषेक ने किया. इसे प्राचार्य पीबी सहाय, शिक्षिका रुपा दत्ता ने संबोधित किया.

जमशेदपुर,चमकता आईना, रविवार 3 जुलाई 2016


राजेंद्र विद्यालय साकची

प्रभात खबर

प्रतिभा सम्मान

2016

11.07.2016

# पहली से 11वीं कक्षा तक के मेधावी छात्र पुरस्कृत



**जमशेदपुर.** राजेंद्र विद्यालय में शनिवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. इसमें स्कूल की पहली से लेकर 11वीं कक्षा तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. मुख्य अतिथि बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष केबी सिन्हा ने समारोह की विधिवत शुरुआत की. साथ ही छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. बिहार एसोसिएशन के महासचिव सीपीएन सिंह ने स्वागत भाषण किया. स्कूल के प्राचार्य पीबी सहाय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये. छात्रा ईशानी व छात्र अभिषेक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन किया. समारोह में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राएं व अभिभावकगण उपस्थित थे.

प्रभात खबर 03.07.2016

## आइसीएसइ(10वीं)

**राजेंद्र विद्यालय, साकची**

रितम उपाध्याय, अस्मिता पांडा, रोहन सिंह, कुमार तनमन, निशिता राय

## आइएससी (12वीं) टॉपर्स

**राजेंद्र विद्यालय, साकची**

सोहम रुद्रा, रीतिका, आकांक्षा, दीपाली सिंह

# प्रभात खबर प्रतिभा सम्मान 10 जुलाई को

प्रभात खबर 08.07.2016

स्काउट-गाइड का राज्य पुरस्कार परीक्षण शिविर आयोजित

# विभिन्न स्तरों पर परखे गये स्काउट-गाइड



**लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर**


भारत स्काउट एंड गाइड झारखंड राज्य मुख्यालय के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय के तत्वावधान में मंगलवार को राज्य पुरस्कार परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. आमबगान में आयोजित शिविर का उद्घाटन संगठन आयुक्त नरेश कुमार ने किया.

शिविर में जमशेदपुर, बहरागोड़ा व चाकुलिया से आये लगभग 95 स्काउट एंड गाइड्स ने भाग लिया. इसमें सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट, केएसएमएस, राजेंद्र विद्यालय, केपीएस गम्हरिया, केपीएस बर्मामाइंस, केपीएस एनएमएल, डीबीएमएस इंगलिश, डीबीएमएस हिंदी, चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क, रामकृष्ण विवेकानंद स्कूल, टीपीएस व डीएवी बहरागोड़ा के छात्र शामिल हैं. परीक्षण में विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग बेस बनाकर परीक्षा ली गयी. इसमें मुख्य रूप से पायोनियरिंग, कैंप क्राफ्ट, फर्स्ट एड, मैप रीडिंग व कुकिंग शामिल थी. समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला मुख्य आयुक्त प्रकाश कुमार खेमानी, जिला सचिव मनोज कुमार यादव व अन्य मौजूद थे.

प्रभात खबर 29.06.2016

## 10वीं

# राजेंद्र विद्यालय, साकची



97.20%
रितम उपाध्याय



97.20%
अस्मिता पंडा



96.60%
रोहन सिंह



96.60%
कुमार तनमन




96.40%
निशिता राय

" हम लोगों द्वारा कोशिश की जा रही है बेहतर से बेहतर रिजल्ट हो . हर बार एक जैसे स्टूडेंट नहीं रहते है, लेकिन यह शिक्षकों का दायित्व है .

**पीबी सहाय**

## 12वीं ( साइंस )



97.25%
सोहम रुद्रा



96.25%
रीतिका



96.25%
आकांक्षा



96%
दिपाली सिंह

## 12वीं ( कॉमर्स )



93.75%
श्रेया कुमारी



93.75%
श्रेया मुखर्जी



93.25%
गोविंदजी आनंदजी



93%
मंदिप सिंह

**प्रभात खबर**

जमशेदपुर, शनिवार
7.05.2016

## इंटर स्कूल जूनियर व सीनियर चेस चैंपियनशिप

# कारमेल व राजेंद्र विद्यालय चैंपियन



लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर

कारमेल जूनियर कॉलेज में आयोजित इंटर स्कूल चेस प्रतियोगिता का खिताब मेजबान कारमेल (जूनियर वर्ग) और राजेंद्र विद्यालय (सीनियर वर्ग) ने जीत लिया है.

जूनियर वर्ग में कारमेल जूनियर कॉलेज 21.5 अंकों के साथ विजेता बना. वहीं, राजेंद्र विद्यालय की टीम को 19 अंक के साथ उपविजेता से संतोष करना पड़ा. कारमेल की टीम में वत्सल सिंघानिया, बिदिशा राय, अतुश्री दास व आस्था रानी भुइयां शामिल थीं. वहीं, राजेंद्र विद्यालय की टीम में कुमार उत्कर्ष, शिवम गुप्ता, सुभाशीष व अभिजीत बेरा शामिल थे. सीनियर वर्ग में राजेंद्र विद्यालय की टीम ने 25.5 अंक के साथ खिताब अपने नाम किया. डीएवी बिष्टुपुर की टीम 19 अंक के साथ उपविजेता रही. आरवी की टीम में निशिकांत कुमार, अभिषेक राय, अनमोल कुमार व अबु तलहा शामिल थे. पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एसएसपी अनूप टी मैथ्यू, प्रीतम सिंह, एम स्टेफी एसी व कारमेल के खेल शिक्षक प्रदीप मुखर्जी मौजूद थे.

## जिला अंडर-7 व 13 चेस चैंपियनशिप में अवनीश व उत्कर्ष चैंपियन

**जमशेदपुर.** जेआरडी में आयोजित जिला चेस चैंपियनशिप के अंडर-7 बालक वर्ग में अवनीश पांडेय विजेता बने. अवनीश कुल 5 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे. अंडर-7 बालिका वर्ग में गीतिका पहले स्थान पर रही. अंडर-7 बालक वर्ग में कृष्णा अग्रवाल दूसरे, जयम बकरेवाल तीसरे, हिमांशु, विगनेश सत्यम राज पांचवें और मो अनस शफीक छठे स्थान पर रहे. वहीं, बालिका वर्ग में रिया बकरेवाल दूसरे, भारती मिश्रा तीसरे, मोक्ष पात्रा चोथे, समृद्धि पांचवें व अमिला बेसरा छठे स्थान पर रहीं. इसी क्रम में अंडर-13 बालक वर्ग में कुमार उत्कर्ष पहले, संचित मुखर्जी दूसरे, ओम नारायण भुइयां तीसरे, सयोन कुंडू चौथे, सात्विक रथ पांचवें व नितेश तिवारी छठे स्थान पर रहे. बालिका वर्ग में बदिशिया राय पहले, प्रचेता अग्रवाल दूसरे, अंकाना कविराज तीसरे, चारु अग्रवाल चौथे, अरिशा शिराज पांचवें व पी श्रुति छठे स्थान पर रही. प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि श्रीकांत कुमार पति, राजीव सेठ, नरेंद्र कुमार तिवारी, ए कुमार, जयंत भुइयां व चंदन प्रसाद मौजूद थे.

प्रभात खबर 03.05.2016

## कारमेल इंटरनेशनल टीम चेस टूर्नामेंट 2016

# कारमेल व राजेंद्र विद्यालय को बढ़त

**लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर**

सोनारी स्थित कारमेल जूनियर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय कारमेल इंटर स्कूल सिटी टीम चेस टूर्नामेंट-2016 के दूसरे दिन शनिवार को जूनियर व सीनियर केटेगरी में छठे राउंड की प्रतियोगिता हुई. इसमें जूनियर केटेगरी में कारमेल जूनियर कॉलेज ने 6 प्वाइंट्स के साथ, राजेंद्र विद्यालय 5 प्वाइंट्स, सेक्रेट हार्ट कॉन्वेंट 4 प्वाइंट्स से बढ़त बनायी. वहीं, सीनियर केटेगरी में राजेंद्र विद्यालय 6 प्वाइंट्स के साथ, जेएच तारापोर व डीएवी बिष्टुपुर 4-4 प्वाइंट्स के साथ व कारमेल जूनियर कॉलेज, केरला पब्लिक स्कूल व एमएनपीएस 3.5 प्वाइंट्स से आगे चल रहा है. रविवार को अंतिम दिन एक राउंड चेस प्रतियोगिता के बाद विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा. मुख्य अतिथि एसएसपी अनूप टी मैथ्यू विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे.



प्रभात खबर 01.05.2016

# राजेंद्र विद्यालय की शानदार जीत

## जेएससीए स्कूल लीग

**लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर**

टेल्को मैदान में खेले गये जेएससीए स्कूल लीग के एक मुकाबले में राजेंद्र विद्यालय की टीम ने केएसएमस को 141 रनों से हरा दिया. राजेंद्र विद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 225 रन बनाये. निशित कुमार ने 7 चौकों व 6 छक्कों की मदद से 98 रन की पारी खेली. अंकित राज ने 10 चौकों की मदद से 69 रन बनाये. केएसएमस के राकेश कुमार ने तीन और मनोरंजन सिंह ने दो विकेट लिये. जवाब में मैदान में उतरी केएसएमएस की टीम 16 ओवर में 88 रन पर ही सिमट गयी.

प्रशांत कुमार ने 22 रन की पारी खेली. आरवी के अभिनंदन ने तीन, शिवम सोलंकी और अंकित राज ने दो-दो विकेट लिये.

प्रभात खबर 27.04.2016

# स्कूल लीग : 6 विकेट से जीता राजेन्द्र विद्यालय

**जमशेदपुर.** टेल्को ग्राउंड में स्कूल लीग के तहत बुधवार को राजेन्द्र विद्यालय व एडीएल सोसायटी के बीच मैच खेला गया.

इसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए एडीएल सोसायटी की टीम ने 20 ओवरों में 111 रन बनाये. अरबाज खान ने 33 रन बनाए. आरवी के विवेक ने 4, शशांक ने 3 विकेट लिये. वहीं, राजेन्द्र विद्यालय की टीम ने 18 ओवरों में ही 4 विकेट खोकर 113 रन बनाकर मैच जीत लिया. निशित कुमार ने 81 रन बनाये .

**आरके मिशन ने 11.3 ओवर में जीता मैच** : दूसरा मैच लोयोला व आरके मिशन सिदगोड़ा के बीच खेला गया. जिसमें आरके मिशन की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया. बैटिंग करने उतरी लोयोला की टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट गंवाकर 96 रन बनाए. वहीं रनों का पीछा करने उतरी आरके मिशन की टीम के खिलाड़ियों ने 11.3 ओवरों में 98 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया. अच्छी बैटिंग करते हुए एम नवीन ने 46 रन बनाए, वहीं अच्छी गेंदबाजी करते हुए समित ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट झटके.

प्रभात खबर | 21.04.2016